दिन–गुरूवार                                                                                    दिनांक– 02/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                                                      अवधिः– 15 मिनट

---

01. पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी और बांका राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे।

02. राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महागठबंधन में शामिल होने के आमंत्रण के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हुई।

03. केन्द्र सरकार ने निशानेबाज मनु भाकर, विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार देने की घोषणा की।

04. और, नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आज बिहार के बयालीसवें राज्यपाल के रूप में पद की शपथ ली।

———————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। ठंड के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का औसत न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी और बांका राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नही है। इसके बाद अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढोतरी हो सकती है।

–––बाईट–––

———————————————————————

केन्द्र सरकार द्वारा डीएपी उर्वरक पर सब्सिडी बढ़ाए जाने के फैसले का राज्य के किसानों ने स्वागत किया है। कुछ किसानों ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि इस फैसले से उन्हें किफायती दर पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

–––बाईट–––

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में अवैध खनन की जानकारी देने वाले लोगों के बैंक खाते में पुरस्कार की राशि अंतरित की। उन्होंने चौबीस ऐसे लोगों के बैंक खाते में राशि भेजी, जिन्होंने अवैध खनन की जानकारी दी थी। उपमुख्यमंत्री सह खान और भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पर विभाग ने बासठ ट्रैक्टर और दो हाइवा जब्त किए। साथ ही एक करोड़ नौ लाख रूपये से अधिक की राशि जुर्माने के रूप में वसूली गई। उन्होंने कहा कि लोग विभागीय नंबर पर अवैध खनन की सूचना दे सकते है।

———बाईट———

———————————————————————————

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महागठबंधन में शामिल होने के आमंत्रण के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। लालू प्रसाद ने कहा था कि वे नीतीश कुमार को माफ कर महागठबंधन में शामिल कर लेंगे।

———बाईट———

इससे पहले राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा था कि किसी भी सूरत में नीतीश कुमार को महागठबंधन में शामिल नहीं किया जायेगा।

———बाईट———

इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि ऐसे राजनीतिक बयानों का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद एनडीए की बढ़ती ताकत से घबरा गये हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आज बिहार के बयालीसवें राज्यपाल के रूप में पद की शपथ ली। पटना के राजभवन में आयोजित एक समारोह

में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।

———बाईट———

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आरिफ मोहम्मद खान इससे पहले केरल के राज्यपाल थे। उन्होंने राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर का स्थान लिया है, जिन्हें केरल का राज्यपाल बनाया गया है।

————————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि वे बिहार के लोगों के कल्याण के लिए काम करेंगे। शपथ ग्रहण के बाद संवाददाताओं से बातचीत में श्री खान ने विश्वास जताया कि बिहारवासी अपनी इच्छाशक्ति और क्षमताओं की बदौलत राज्य को काफी आगे ले जायेंगे।

———बाईट———

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने वर्ष दो हजार चौबीस के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनुभाकर, विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। वहीं, विभिन्न खेल विधाओं के पांच प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई है। इसके अलावा चौंतीस खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने कहा है कि पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द हुई सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा पटना के बाईस केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष परीक्षा के आयोजन को लेकर व्यापक प्रबंध किए हैं। इधर, परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों का आज भी पटना में धरना प्रदर्शन जारी है।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर की एससी–एसटी अदालत ने बहुचर्चित बालिका गृह कांड के एक मामले में ब्रजेश ठाकुर समेत तीन आरापियों को बरी कर दिया है। न्यायाधीश अजय कुमार मल्ल ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि पुलिस की ओर से कोई ऐसा साक्ष्य पेश नहीं किया गया जिससे इस मामले में इन सभी की संलिप्तता साबित होती हो। हमारे संवाददाता ने बताया कि ब्रजेश ठाकुर के अलावा शाइस्ता परवीन और कृष्णा कुमार को भी बरी किया गया है। इन सभी पर ग्यारह महिलाओं और चार बच्चों के अपहरण और हत्या के मामले दर्ज किए गए थे। इसी कांड से जुड़े एक अन्य मामले में दिल्ली की एक अदालत पहले ही ब्रजेश ठाकुर समेत ग्यारह आरोपियों को अंतिम सांस तक कारावास की सजा सुना चुकी है। सभी आरोपी अभी दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

———————————————————————

समस्तीपुर रेल मंडल में बेटिकट यात्रियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत चालू वित्तीय वर्ष में चार लाख सतहत्तर हजार यात्रियों को पकड़ा गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक आलोक कुमार झा ने बताया कि इनसे जुर्माने और किराये के रूप में बत्तीस करोड़ चौंसठ लाख रूपये वसूले गए। यह पूर्व–मध्य रेल का एक रिकॉर्ड है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश के नौ हजार डाकघर जियो मैपिंग से जुड़ गये हैं। इसमें पंचायत स्तर के सभी डाकघर शामिल हैं। बिहार सर्किल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने बताया कि शेष बचे एक हजार डाकघरों की जियो मैपिंग का काम भी जल्द ही पूरा

कर लिया जायेगा। श्री कुमार ने कहा कि इस सुविधा के बाद आधार कार्ड बनवाने के लिए किसी भी डाकघर में जाना आसान होगा।

———————————————————————

गोपालगंज नगर थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में पुलिस और शराब तस्करों के बीच देर रात मुठभेड़ हो गई। पुलिस की कार्रवाई में एक तस्कर को पैर में गोली लगी हैं जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से एक अन्य तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

बिहार मदरसा शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस छब्बीस के लिए अकादमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार पहली बार मदरसा में होली, दशहरा, दीपावली और छठ की छुट्टी मिलेगी। बोर्ड ने फोकानिया यानी मैट्रिक और मौलवी यानी इंटरमीडिएट की परीक्षा अठारह से इक्कीस जनवरी के बीच लेने के घोषणा की है।

———————————————————————

शेखपुरा के बुधौली चौक से गिरहिंडा होते हुए कॉलेज मोड़ तक बाईपास का निर्माण किया जायेगा। राज्यसभा सांसद शम्भू शरण पटेल ने बताया कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

———————————————————————

सहरसा जिले के वनगांव में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार दो व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य घायल हो गए। वहीं, जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के रानीबाग में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार एक बच्ची की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गये।

———————————————————————————

सुपौल जिले के सीमा चौकी मुंशी पिपराही के जिम्मेवारी क्षेत्र से एसएसबी की टीम ने एक तस्कर को बहत्तर ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के साठी थाना क्षेत्र अंतर्गत नमी चौक के पास से पुलिस ने दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

गोपालगंज जिले के बरौली थाना क्षेत्र के सूरवल गांव स्थित चिमनी भट्ठा में खाना बनाने के दौरान गैस सिलिंडर में विस्फोट होने से छह मजदूर घायल हो गये।

———————————————————————————

नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के योगीपुर बाजार में कपड़े की एक दुकान में आग लग जाने से लगभग दस लाख रूपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। पुलिस ने शॉर्ट सर्किट को अगलगी का कारण बताया है।

———————————————————————————

01. पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी और बांका राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे।

02. राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महागठबंधन में शामिल होने के आमंत्रण के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हुई।

03. खेल मंत्रालय ने निशानेबाज मनु भाकर, विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार देने की घोषणा की।

04. और, नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आज बिहार के बयालीसवें राज्यपाल के रूप में पद की शपथ ली।

———————————————————————————

समाप्त